३. कौशल पर आधारित उपक्रम

(अ) प्राकृतिक वस्तुओं के चिह्न

मेरी कृति

फल-सब्जियों की काँपें, पत्ते तथा बीज आदि प्राकृतिक वस्तुओं, साथ ही हाथ की उंगलियों को रंग अथवा स्याही लगाकर रंगों की छापें लो।

RCJH3A

चित्र में दी गईं छापें किन वस्तुओं की हैं, यह पहचानने के लिए विद्यार्थियों से कहें। उनसे रिक्त चौकोन में विभिन्न वस्तुओं अथवा हाथ की छापें लगाने के लिए कहें। सौंदर्याकृति तैयार करवाएँ।

(ब) कागज का पंखा तैयार करना

समाचारपत्र अथवा पत्रिका का कागज लें, उसे उलट-पुलटकर मोड़ें । उसके बाद उसे बीच में मोड़िएँ। अंदर की पट्टियों पर गोंद लगाकर चिपकवाएँ। बाहरी भाग में पट्टियों पर आईसक्रीम बेंत की तीलियाँ चिपकाएँ। चिपकवाए हुए भाग को ठीक से सूखने दें और सूखने के बाद पंखे को खोलें।